# सोशल साइकोलोजिस्ट रामाधार सिंह ने किया प्रेरित

- **यूपीईएस के छात्रों और शिक्षकों को बेहतर अनुभव मिला**

भास्कर समाचार सेवा



छात्रों को प्रेरित करते सोशल साइकोलोजिस्ट रामाधार सिंह।

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध सोशल साइकोलोजिस्ट, प्रो. रामाधार सिंह ने यूपीईएस में छात्रों को संबोधित किया और उन्हें शीर्ष स्तर के रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सिंह ने युवा छात्रों के लिए चार दिवसीय रिफ्रेशर प्रोग्राम का आयोजन किया।

प्रो. रामाधार संयुक्त राज्य अमेरिका में सोसाइटी फॉर पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी (एसपीएसपी) की यूएस हेरिटेज वॉल ऑफ फेम पर प्रदर्शित होने वाले पहले भारतीय सोशल साइकोलोजिस्ट हैं। उनके रिसर्च एनालिसिस प्रमुख इंटरनेशनल साइकोलॉजी पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अनुसंधान का मार्गदर्शन करने और प्रकाशन के लिए पांडुलिपि तैयारी की बारीकियों को समझने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी साझा की। प्रो. सिंह ने एक विचार की शुरुआत से लेकर उसके अंतिम प्रकाशन तक रिसर्च के क्षेत्र को कुशलतापूर्वक संचालित किया, जिससे यह सभी प्रतिभागियों के लिए एक ज्ञानवर्धक यात्रा बन गई।

इस कार्यशाला के माध्यम से यूपीईएस स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज ने अपने छात्रों और शिक्षकों को वर्ल्ड क्लास शिक्षण अनुभव और शिक्षा जगत के लगातार विकसित हो रहे क्षेत्र में ऊंचाइया प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने की अपनी कमिटमेंट प्रदर्शित की। इन सीखने के अनुभवों के माध्यम से विश्वविद्यालय का लक्ष्य अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देना और अपने छात्रों को ज्ञान और दूरदर्शिता के साथ अपने भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाना है।